Date:
P. No:

# पाठ 5 मोर

**प्रश्न1 शब्दार्थ लिखिए :-**

1. पक्षी = चिड़िया
2. राष्ट्रीय = देश का
3. शरीर = बदन, तन
4. चमकदार = चमकीली
5. आकार = शक्ल
6. चिह्न = निशान
7. कलगी = चोटी
8. मुकुट = ताज
9. प्रसन्न = खुश
10. हरियाली = हरे पेड़-पौधे

**प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द मे लिखिए**

(क) मोर के सिर की कलगी कैसी होती है ?
उत्तर: सुंदर

(ख) मोर कैसे बादलों को देखकर प्रसन्न होता है?
उत्तर काले

(ग) मोर के पंख कैसे होते है ?
उत्तर रंग-बिरंगे

(घ) मोर का सारा शरीर किस रंग का होता है ?
उत्तर नीला

Date:
P. No:

# पाठ 5 मोर

प्रश्न उत्तर लिखिए।

प्र.1. हमारे राष्ट्रीय पक्षी का क्या नाम है?
उत्तर हमारे राष्ट्रीय पक्षी का नाम मोर है।

प्र.2. इसके शरीर का रंग कैसा होता है?
उत्तर इसके शरीर का रंग चमकदार नीला होता है।

प्र.3. मोर की पूँछ कैसी होती है?
उत्तर मोर की पूँछ भारी और मोटी होती है।

प्र.4 मोर के पंख पर क्या खास बने होते हैं?
उत्तर मोर के पंख पर चाँद के आकार के चिह्न बने होते हैं।

प्र.5 कलगी किसे कहते है?
उत्तर कलगी चोटी को कहते है।

प्र.6 मोर के पैर कैसे होते है?
उत्तर मोर के पैर सुंदर नहीं होते।

प्र.7:- यह क्या-क्या खाता है?
उत्तर यह अनाज के दाने, नरम फल, और कीड़े मकोड़े खाता है।

Date:
P. No:

प्र.8 बच्चे कब ताली बजाकर हँसने लगते हैं?
उत्तर मोर जब सुंदर पंख फैलाकर नाचने लगता है, तब बच्चे ताली बजाकर हँसने लगते हैं।

प्र.9 मोर का रंग कैसा होता है?
उत्तर मोर का रंग चमकदार नीला होता है।

प्र.10 मोर के सिर पर क्या चीज़ होती है?
उत्तर मोर के सिर पर कलगी होती है।

प्र.11 मोर के पंख कैसे होते हैं?
उत्तर मोर के पंख रंग-बिरंगे होते हैं।

प्र.12 बादल गरजने पर मोर क्या करता है?
उत्तर बादल गरजने पर मोर पंख फैला-कर नाचने लगता है।